हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 27 फरवरी, 2020/8 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - उद्योग मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 35

सामाजिक सुरक्षा पेंशन

***2310 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक कितनी सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत हुईं तथा कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

मल प्रवाह योजना

***2311 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर शहर का कितना प्रतिशत भाग मल प्रवाह योजना से नहीं जुड़ा है; सरकार शेष भाग को जोड़ने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

सामाजिक पेंशन के मामले

***2312 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक जिला कुल्लू में वृद्धावस्था, विधवा व विकलांगता पेंशन के कितने मामले जिला कल्याण अधिकारी को प्राप्त हुए; इनमें से कितने मामलों में पेंशन जारी कर दी गई है और कितनों में जारी करना शेष है; ब्यौरा श्रेणीवार व निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

Opening of I.T.I.

***2313 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the Government intends to open the I.T.I. at Bakarti in G.P. Jangal Ropa in Hamirpur Constituency; and

(b) if yes, has the land been selected for opening the same?

Drinking Water Supply Schemes

***2314 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state what is the latest position of ongoing Drinking Water Supply Schemes in Rampur/Nankhari; how much funds have been sanctioned for these schemes; details be given scheme-wise?

चिकित्सकों की नियुक्ति

***2315 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार होम्योपैथिक चिकित्सकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

मछुआरों को आवास

*2316 **श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत मछुआरों को आवास प्रदान किए जाते थे; यदि हां, तो जिला बिलासपुर में कहां-कहां कितने आवास स्वीकृत किये गए; ब्यौरा दें?

रोजगार कार्यालय

*2317 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार लड़भड़ोल में रोजगार कार्यालय खोलने का विचार रखती है?

खड्डों का तटीयकरण

*2318 **श्री राजेश ठाकुर(गगरेट) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ब्यास फ्लड प्रोटेक्शन जोन के अंतर्गत जो खड्डें आती हैं उनका तटीयकरण नहीं हुआ है;

(ख) क्या सरकार मीरथल तक ब्यास प्रोजैक्ट तटीयकरण का कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक; और

(ग) क्या पौंग बांध क्षेत्र में स्वां के तटीयकरण का कार्य चला हुआ है?

अल्ट्रासाउंड मशीन

*2319 **श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय आयुर्वैदिक हॉस्पिटल पपरोला तथा सिविल हॉस्पिटल बैजनाथ व चढ़ियार में अल्ट्रासाउंड मशीनें सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही हैं; यदि हां, तो इन मशीनों को कब तक ठीक कर लिया जाएगा?

मल प्रवाह योजनाएं

***2320 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी मल प्रवाह योजनाएं स्वीकृत हैं; ब्यौरा दें?

Regional Hospital Kullu

***2321 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of different categories have been sanctioned for Regional Hospital Kullu; category-wise details be given; and

(b) what action has been taken by the Government to fill up the vacant posts?

उठाऊ सिंचाई/पेयजल योजनाएं

***2322 श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि तुमण-चखाना, चैंरा खड्ड से बालीधार माहूंनाग उठाऊ सिंचाई योजनाओं व जुआ पोगली, कांडा व काहणों, J.J.M. के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा योजनावार दें?

अवैध स्टोन क्रशर

***2323 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) किन्नौर जिले में कितने अवैध स्टोन क्रशर लगे हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) जिले में माइनर मिनरल साईटस कब तक नीलाम किए जाएंगे?

स्मार्ट सिटी

***2324 श्री राकेश सिंघा (ठियोग):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) शिमला शहर को स्मार्ट सिटी का दर्ज़ा कब प्राप्त हुआ था व इस हेतु केन्द्र से कितनी धनराशि प्राप्त हुई; और

(ख) प्राप्त धनराशि को किस-किस कार्य पर उपयोग में लाया गया; ब्यौरा विकास कार्य सहित दें?

स्वीकृत योजनाएं

***2325 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हरोली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नाबार्ड द्वारा स्वीकृत सिंचाई एवं पेयजल की कितनी योजनाएं अधूरी पड़ी हैं, इनके लिए कितनी धनराशि कब-कब स्वीकृत हुई तथा इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा; ब्यौरा अद्यतन स्थिति सहित दें?

सुकेती खड्ड तटीयकरण

***2326 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुकेती खड्ड तटीयकरण हेतु डी0पी0 आर0 तैयार कर दी गई है; यदि हां, तो इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है तथा इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा?

पब्बर नदी तटीयकरण

***2327 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पब्बर नदी के तटीयकरण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

फिना सिंह नहर

*2328 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत परछोड में फिना सिंह नहर के कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; कितनी व्यय की गई व कितनी शेष है तथा कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा कार्यवार दें?

पदपूर्ति

*2329 **श्री जवाहर ठाकुर(दरंग) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में आयुर्वेदिक विभाग में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत किए गए हैं; कितने रिक्त हैं और विशेषकर आयुर्वैदिक औषधालय ज्वालापुर मे इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

तटीयकरण

*2330 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पांवटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में यमुना व गिरी नदियों के तटीयकरण करने की योजना प्रस्तावित है; यदि हाँ, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

विश्राम गृह

*2331 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सुन्दरनगर में जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह नहीं है; यदि हां, तो सरकार कब तक विश्राम गृह निर्माण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

हर घर में नल

*2332 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 'हर घर में नल और हर नल में जल' योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा पंचायतवार व बस्तीवार दें?

टाउन हॉल निर्माण

*2333 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सुजानपुर टीहरा में टाउन हॉल के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

सीवरेज लाइन व ट्रीटमेंट प्लांट

*2334 **श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर शहर में सीवरेज लाइन विछाने व ट्रीटमेंट प्लांटों के निर्माण के लिए कब स्वीकृति प्रदान हुई; ट्रीटमेंट प्लांटों की संख्या कितनी है और निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ब्यौरा दें?

Deoli Co-Operative Agriculture Service Society Limited

*2335 **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में The Deoli Co-Operative Agriculture Service Society Limited में विभाग द्वारा किये गये ऑडिट में अनियमितता पाई गई है; यदि हां, तो क्या सरकार दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध जांच करवाने का विचार रखती है?

जल शक्ति मंडल कार्यालय

***2336 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बैजनाथ में नया जल शक्ति मंडल कार्यालय खोलने का विचार रखती है?

आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्र

***2337 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत हैं तथा कितने कार्यरत हैं; नाम सहित ब्यौरा दें?

MLA Priority

***2338 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state during the last 2 years upto 31st Janauary, 2020, how many MLA Priority schemes pertaining to drinking water and minor irrigation have been sanctioned in Kullu Assembly Constituency and what is the latest position of their execution?

भवन निर्माण

***2339 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ा खम्बा व सापनी के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

Coronavirus

***2340 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many people of Himachal Pradesh were in China when Coronavirus

broke out in the Wuhan province and how many of them have come back to the State;

(b) have blood samples been taken of all such persons and have they been placed under quarantine; and

(c) has the State Government requested the Central Government to provide funds to tackle any exigency arising out of the spread of Coronavirus in the State?

रिवर मैनेजमैंट प्रोजैक्ट

***2341 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हिमाचल प्रदेश फ्लड रिवर मैनेजमैंट परियोजना हेतु कितनी धनराशि का प्राक्कलन तैयार किया गया है तथा एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमैंट बैंक ने कितनी धनराशि जारी कर दी है; अद्यतन स्थिति से अवगत करवाएं?

भवन निर्माण

***2342 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आयुर्वैदिक डिस्पैंसरी खखराना, मलवाणा, नलसर और बरसाणा के भवन निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***2343 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहड़ू नागरिक अस्पताल के नये भवन में सैन्ट्रल हीटिंग एवं सैन्ट्रल गैस पाइप का प्रावधान किया गया है; इस भवन के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा कितनी व्यय की जा रही है और इसे कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा; और

(ख) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप-केन्द्र निजी भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें?

छात्रवृत्ति

***2344 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के अनुसूचित जाति/जनजाति एवं गरीब परिवारों के बच्चे, जो देश के विभिन्न संस्थानों में शिक्षण एवं प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं, उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है; यदि हां, तो सरकार छात्रवृति उपलब्ध करवाने हेतु क्या पग उठा रही है?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांक: 11 फरवरी, 2020 . **सचिव।**